ओटीपी किसी के साथ शेयर न करें

स्वदेश समाचार ■ खंडवा

क्विक हिल फाउंडेशन, खंडवा पुलिस और सेवा भारती संस्था खंडवा के सहयोग से पूरे खंडवा जिले में सायबर सिक्युरिटी विषय पर नुक्कड़ नाटक पेश हो रहे हैं। इस में ऑनलाइन ठगी कैसे की जाती है इसके बारे में जानकरी दी जा रही है।

ओटीपी कभी किसी के साथ शेयर ना करे, सोशल मीडिया का इस्तेमाल कम से कम करे, सोशल मीडिया पर अपने फोटो एचडी क्वालिटी के ना हो, फेक लिंक, फेक मैसेज, फेक कॉल कभी ना उठाए और कई सारे विषयों पर इस नुक्कड़ नाटक में जानकारी दी जा रही है।

ये नुक्कड़ नाटक खंडवा जिले के सभी स्कूल, कॉलेज, मंदिर, मार्केट और चौराहों पर किए जा रहे है। इसमें नाटक करते हुए योगेश शेट्ये, तृषांत पाते, संदीप शिंगदाणे, कृष्णा सकपाल, विशाल चव्हाण और गौरव निमकर आदि कलाकार शामिल है।